# इंदौर का मध्यस्थता मॉडल प्रदेश के लिए बना मिसाल

## आपसी सुलह और समझौते से 5 हजार से अधिक मामलों का हुआ समाधान

**इंदौर. सिविल प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 1999 की धारा 89 के तहत वैकल्पिक विवाद समाधान की विधा मध्यस्थता को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है. यह एक गैर-बाध्यकारी, निष्पक्ष, नि:शुल्क तथा स्वैच्छिक प्रक्रिया है, जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों को संवाद के माध्यम से विवाद समाधान तक पहुंचने में मदद करते हैं. इंदौर जिले ने इस प्रक्रिया को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और प्रदेश भर में एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत किया है.**



उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया की पहल पर तथा कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन इंदौर के सक्रिय सहयोग से इस प्रक्रिया का सुनियोजित एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शमीम अहमद के नेतृत्व में प्रशिक्षित मध्यस्थों की टीम ने अब तक 5 हजार से अधिक मामलों का समाधान आपसी समझौते से कराया है.

**120 से अधिक सक्रिय मध्यस्थ, सतत जनजागरूकता अभियान-** वर्तमान में 120 से अधिक प्रशिक्षित मध्यस्थ इंदौर जिले में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। पिछले दो वर्षों में उन्होंने सैकड़ों जटिल मामलों का समाधान आपसी सहमति से कर न्यायालय का समय बचाया है। जनजागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि नागरिकों को मध्यस्थता प्रक्रिया की जानकारी मिल सके और इसे लोकप्रियता व स्वीकार्यता प्राप्त हो।

### समझौते से सुलझे सैकड़ों विवाद

इंदौर में वैवाहिक, पारिवारिक, कार्यालयीन और पड़ोसी विवादों को प्राथमिकता के साथ मध्यस्थता प्रक्रिया में लिया जा रहा है. यह एक पूर्णत: गोपनीय प्रक्रिया है, जिसमें दोनों पक्षों के हितों की रक्षा करते हुए पारंपरिक मुकदमेबाज़ी के मुकाबले शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाता है. जनसुनवाई में प्राप्त उपयुक्त मामलों को अब कलेक्टर कार्यालय स्थित मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाता है. इस सुविधा को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ बनाने हेतु जिले में 22 मध्यस्थता केंद्र कार्यरत हैं.

### विविध समाजों की भागीदारी

इंदौर में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सहित 27 विभिन्न समाजों के 123 वरिष्ठ जन इस अभियान से जुड़े हैं. इसके अतिरिक्त पूर्व न्यायाधीश, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, समाजसेवी, सीए और सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी भी मध्यस्थता समिति में शामिल हैं. इन्हें 20 घंटे के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से मध्यस्थ के रूप में तैयार किया गया है.

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सराहना

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए बाणगंगा स्थित मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ किया था। उन्होंने इस प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा इस प्रक्रिया में कोई हारता नहीं, दोनों पक्ष जीतते हैं।

# नंदबाग में शराब दुकान पर फूटा रहवासियों का गुस्सा

### महिलाओं ने की पत्थरबाजी

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र के नंदबाग इलाके में रविवार को शराब दुकान के खिलाफ वर्षों से चल रहे विरोध ने उग्र रूप ले लिया. आक्रोशित रहवासियों ने दिनदहाड़े दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की, महिलाओं ने पत्थर बरसाए और दुकानदारों को जान बचाकर भागना पड़ा.बाणगंगा क्षेत्र स्थित नंदबाग कॉलोनी में उस समय हंगामा मच गया जब दर्जनों महिलाओं सहित स्थानीय रहवासियों ने शराब दुकान पर अचानक धावा बोल दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रहवासियों का कहना है कि वर्षों से दुकान को हटाने की मांग की जा रही थी लेकिन प्रशासन और पुलिस द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. रविवार को दुकान के खुलते ही महिलाएं बड़ी संख्या में वहां पहुंचीं और पत्थरबाजी शुरू कर दी. उन्होंने दुकान के बाहर लगे बोर्ड और अंदर रखे सामान को नुकसान पहुंचाया.



स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि शराब विक्रेता जान बचाकर मौके से भाग निकले. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था. बताया जा रहा है कि रहवासी लंबे समय से दुकान के कारण क्षेत्र में बढ़ते अपराध, युवाओं में नशे की प्रवृत्ति और असामाजिक तत्वों की आवाजाही से परेशान थे. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है. वहीं रहवासियों का कहना है कि जब तक दुकान बंद नहीं होती, विरोध जारी रहेगा.

## एक नजर में

### शातिर बदमाश 9 माह के लिए जिलाबदर



इंदौर. परदेशीपुरा क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय बदमाश अमन उर्फ बड़े पिताअमन सिंह बुंदेला, उम्र 24 वर्ष, निवासी लालगली, थाना परदेशीपुरा को तहत जिलाबदर कर दिया है. पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत अमन बुंदेला को आगामी 9 माह के लिए इंदौर नगरीय क्षेत्र, देहात क्षेत्र सहित इससे लगे सीमावर्ती जिलों की सीमाओं में प्रवेश पर प्रतिबंधित कर दिया है. आदेश की तामील पूरे विधि-विधान के साथ कराई गई. टीम ने संबंधित क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से आदेश का सार्वजनिक ऐलान किया और आरोपी अमन के परिजनों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि आदेश का उल्लंघन किसी भी स्थिति में न हो. अमन उर्फ बड़े पिता पर मारपीट, धमकी, अवैध गतिविधियों और क्षेत्र में भय का माहौल बनाने जैसे गंभीर आरोप हैं. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि कानून व्यवस्था में बाधा बनने वाले ऐसे तत्वों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### ग्वालियर क्राइम ब्रांच की इंदौर में कार्रवाई

इंदौर. ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने इंदौर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 90 लाख रुपए की ठगी के मास्टरमाइंड को धरदबोचा. टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर देर रात महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में दबिश दी और आरोपी को हिरासत में लिया. जानकारी के अनुसार, ग्वालियर में ठगी के एक बड़े मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था. पुलिस को सूचना मिली थी कि वह इंदौर में छिपा है. इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने इंदौर पहुंचकर यहां डेरा डाल दिया और लगातार निगरानी के बाद आरोपी को दबोच लिया. पकड़े गए आरोपी पर 90 लाख रुपए की आर्थिक धोखाधड़ी के गंभीर आरोप हैं. ग्वालियर पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जल्द ही वापस रवाना हो सकती है. फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस यह भी खंगाल रही है कि इंदौर में उसकी मौजूदगी के दौरान उसने कोई और आपराधिक गतिविधि को अंजाम तो नहीं दिया. सूत्रों के मुताबिक, मामले में और भी लोग शामिल हो सकते हैं जिनकी तलाश जारी है.

### आपसी विवाद में युवक पर चाकू से हमला



इंदौर. सदर बाजार थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. घटना किला मैदान रोड स्थित गुटकेश्वर मंदिर के पास उस वक्त हुई, जब युवक सड़क से गुजर रहा था. अचानक रास्ता रोककर आरोपी ने कहासुनी के बाद उस पर चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया. घटना में घायल युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की. मामले में सदरबाजार थाना प्रभारी दर्शन बडोले का कहना है कि घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज आरोपी की तलाश की जा रही है, हमला किसी पुराने विवाद को लेकर किया हुआ है, जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे.

### वात्सल्य निशुल्क अभ्यास पुस्तिका वितरण आज

महू. असहाय एवं अभावग्रस्त विद्यार्थियों के प्रति समर्पित संस्था वात्सल्य द्वारा निशुल्क अभ्यास पुस्तिका (कॉपियाँ) वितरण कार्यक्रम पांच चरणों में आयोजित किये जा रहे हैं. इस अभ्यास पुस्तिका वितरण कार्यक्रम के पांचवें चरण में स्थानीय क्रिश्चियन कान्वेन्ट उ.मा. विद्यालय, शांतिनगर, महूगांव में 14 जुलाई को सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इसमें 8 विद्यालयों के तीसरी से आठवीं तक के 160 विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिका वितरित की जायेगी. साथ ही इस अवसर पर महू तहसील में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 5वीं व 8वीं परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा.

### डिब्बा बंद वस्तुओं की जानकारियां ध्यान पूर्वक देखें



महू. कंज्युमर क्लब के गठन के अवसर पर क्रिस्टीना कॉन्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल शान्ति नगर महूगांव मे अ.भा. ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल ने खरीददारी में समझदारी विषय पर बोलते हुए कहा कि आज के समय मे बच्चें भी बड़ी संख्या में खरीददारी कर रहें है. अत: बच्चों मे भी ग्राहक जागरण की आवश्यक्ता है. जब बच्चें खरीदी करने बाजार जाएं तो ध्यान रखें कि खरीदी गई वस्तु का वजन उतना ही हो जितना हमें कहा है या कम है. इसका पता करने के लिए अन्य स्थान पर भी वजन करवा लेना चाहिए. खरीददारी के पूर्व क्या सामान खरीदना है, उसकी सूची एवं बजट बना लेना चाहिए. डिब्बा बंद वस्तु पर छपी जानकारी जैसे वस्तु की मात्रा वजन, निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, एमआरपी, शाखाहार या मांसाहार का निशान आदि ध्यान से देखना चाहिए. कई बातों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरुक किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या वैशाली बकोरे ने की. डॉ.चन्द्र प्रकाश निगम एवं आशीष दुबे सर विशिष्ट अतिथि रहे. इस अवसर पर वैशाली मेडम ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की योजना कंज्यूमर क्लब गठन के अंतर्गत विद्यार्थियों का कंज्युमर क्लब गठित किया, जिसमें अध्यक्ष धीरज सोनारे, सचिव गिरीश बोरसे, सहसचिव दीपक श्रीवास तथा प्रचार प्रमुख लक्ष्य पटेल एवं शिक्षिका श्रीमती संध्या दवे को समनव्यक बनाने की घोषणा की. संचालन विद्यार्थी धीरज एवं गिरीश ने किया. आभार प्रदर्शन शिक्षिका ललिता शर्मा ने किया. इस अवसर पर विशेष रुप से नारायण नेहारे, धर्मेंद्र कलमें साहिल यादव, अर्चना नेहारे आदि उपस्थित रहे.

### गुरु शिष्य परंपरा से अवगत कराया



इंदौर. भागीरथ सिलावट शासकीय महाविद्यालय देपालपुर में गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष संतोष मारू उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. पुष्पा दिवाकर ने की. संतोष मारू द्वारा गुरु शिष्य की प्राचीन भारतीय संस्कृति की परंपरा से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए. डॉ पुष्पा दिवाकर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन करते हुए ज्ञान का अर्जन करना चाहिए समय का सदुपयोग किस प्रकार किया जाए. जैसे विचारों से लाभान्वित किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं समस्त स्टाफ सदस्य की भागीदारी रही. संचालन डॉक्टर संगीता गोकर्ण नरगावे ने किया. आभार डॉक्टर कमला वास्कले ने माना.

### शॉर्ट सर्किट से एटीएम में लगी आग

इंदौर. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के वैशाली नगर में स्थित एक बैंक के एटीएम में रविवार की रात अचानक आग लग गई. गनीमत रही कि स्थानीय लोगों की सतर्कता से आग पर समय रहते काबू पा लिया जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ. घटना इंडियन बैंक के एटीएम में की बताई जा रही है. जब एटीएम से धुआं उठता देख लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया. फायर ब्रिग्रेड के एसआई संतोष दुबे ने बताया कि आग लगने का कारण बिजली तारों में शॉर्ट सर्किट था. इसमें एटीएम कक्ष में लगे पंखे और केबल जल गए. हालांकि दमकल के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास कर उसे फैलने से रोक दिया था. बैंक प्रबंधन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आगे की जांच उन्ही की द्वारा की जा रही है.

# पत्नी की शिकायत पर युवक को थाने लाकर पीटने का आरोप

## परिजन पुलिस कमिश्नर से करेंगे शिकायत





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एमआईजी थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के मामले में एक युवक को थाने ले जाकर पीटने का मामला सामने आया है. आरोप है कि पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर युवक को हिरासत में लिया और फिर थाने में लाठियों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी. अब परिजनों ने पिटाई के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए कार्रवाई की मांग की है.घटना शांतिदीप कॉलोनी निवासी राजकुमार उर्फ राजू से जुड़ी है. उसकी पत्नी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि राजू ने उसके और बच्चों के साथ मारपीट की. शिकायत के आधार पर एमआईजी थाने की टीम ने उसे उठाया और थाने लाकर कथित रूप से मारपीट की. पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने न केवल उसे पीटा, बल्कि बाद में उससे पैसे लेकर छोड़ भी दिया. अब राजकुमार के परिजनों ने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की बात कर रहे है, उनका कहना है कि वे पूरे घटनाक्रम की शिकायत पुलिस कमिश्नर को करोंगे, जिसमें विशेष रूप से दो पुलिसकर्मियों के नाम लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई जाएगी. फिलहाल परिजन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं.

# सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**मंत्री सिलावट के निर्देश पर पहुंचे रेलवे, निगम, यातायात के अधिकारी**

**मांगलिया आरओबी भी आंशिक रूप से खोला जाएगा**



**इंदौर. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निर्देश पर निर्माणाधीन सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण का उद्देश्य अंडरपास निर्माण की वजह से उत्पन्न यातायात जाम की समस्या का समाधान तलाशना और कार्य में तेजी लाना था.**

मंत्री श्री सिलावट के मौखिक निर्देशों के अनुपालन में रतलाम रेलवे मंडल प्रबंधक से चर्चा कर वरिष्ठ संभागीय अभियंता को मौका मुआयना करने हेतु निर्देशित किया गया. इस क्रम में रेलवे, नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अंडरपास स्थल का निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति एवं संभावित सुधारों का आंकलन किया गया.

निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने अंडरपास का शेष निर्माण कार्य, रिटेनिंग वॉल का निर्माण, तथा मार्ग चौड़ीकरण का कार्य अगले 45 दिनों में पूर्ण करने का आश्वासन दिया.

मांगलिया आरओबी से भी मिलेगी राहत यातायात के दबाव को कम करने के उद्देश्य से मांगलिया में निर्माणाधीन आरओबी को आगामी 7 दिनों के भीतर मोटरसाइकिल एवं कारों के लिए 45 दिन तक अस्थायी रूप से खोला जाएगा, जिससे वैकल्पिक आवागमन की सुविधा मिल सके तथा सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास पर यातायात का दबाव कम हो सके.

### ये अधिकारी रहे उपस्थित

रतलाम रेलवे मंडल से संभागीय इंजीनियर मांगीलाल जाटव, सांवेर एसडीएम घनश्याम धनगर, तहसीलदार विकास रघुवंशी, नगर निगम उपायुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डी.आर. लोधी, पीडब्ल्यूडी ब्रिज शाखा से कार्यपालन यंत्री श्री सोलंकी, पुलिस यातायात विभाग से एडिशनल डीसीपी संतोष कौल, थाना प्रभारी तारेश सोनी, पार्षद राकेश सोलंकी, सुरेश कुरवाड़े, पप्पु शर्मा, ढाबली एवं मांगलिया सरपंचगण, स्थानीय नागरिक व गणमान्यजन उपस्थित थे.



# कावड़ यात्राओं के लिए इंदौर में किये गए इंतजाम

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप जिला प्रशासन की विशेष व्यवस्था

**इंदौर.** श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान शिव के दर्शन हेतु कावड़ यात्रियों की बड़ी संख्या में उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं अन्य शिव तीर्थों की ओर यात्रा आरंभ हो चुकी है. यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।.

कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से कावड़ यात्रियों के लिए राजोदा (सांवेर रोड) एवं बाईग्राम (खंडवा रोड, महू क्षेत्र) में ठहराव, भोजन और विश्राम की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं. इंदौर-उज्जैन महाकालेश्वर मार्ग पर राजोदा ग्राम में रामा फास्फेट फैक्ट्री के सामने और इंदौर-ओंकारेश्वर मार्ग पर बाईग्राम में वाटरप्रूफ डोम बनाए गए हैं, जिनमें यात्रियों को शयन, भोजन, चाय, फलाहार एवं प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। भोजन की व्यवस्था प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक सक्रिय रहेगी.

**भोजन एवं फलाहार की विशेष व्यवस्था-** श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए कैंपों में चाय, रोटी, पूरी, सब्जी, दाल, चावल, खिचड़ी आदि भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। उनके लिए फलाहार में मोरधन की खिचड़ी, केले, ककड़ी तथा साबूदाने की खिचड़ी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उपवास वाले यात्री भी बिना कठिनाई के अपनी यात्रा पूरी कर सकें. इस सेवा भावना से श्रद्धालुओं में हर्ष का वातावरण है। कावड़ यात्रा की कठिन साधना को सहज एवं सुखद बनाने हेतु की गई इन व्यवस्थाओं को श्रद्धालुजन आत्मीयता से सराह रहे हैं। यह सेवा-प्रयास श्रावण मास में भक्ति, जनसहभागिता और सुशासन का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है.

# बोल बम के उदघोष के बीच बाणेश्वरी कावड़ यात्रा महेश्वर रवाना

**इंदौर.** मरीमाता चौराहा पर पुष्प वर्षा, शंख ध्वनि, बोल बम के उदघोष और भोले बाबा की भक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भजनों की गूंज के बीच मालवांचल की सबसे बड़ी बाणेश्वरी कावड़ यात्रा को रविवार को सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं शहर के अनेक पार्षदों ने विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच बाबा भोलेनाथ की झांकियों का पूजन कर, ध्वजा फहराकर महेश्वर के लिए विदाई दी. सोमवार को महेश्वर से सुबह सात बजे 101 लीटर दूध से मां नर्मदा के अभिषेक एवं 1100 मीटर लंबी चुनरी समर्पण के बाद 180 कि.मी. लंबी यह पदयात्रा कावड़ में नर्मदा का पवित्र जल लेकर महाकालेश्वर के लिए रवाना होगी.



यात्रा संयोजक एवं विधायक गोलू शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उन्हें पुष्पहारों से लादा और यात्रा के साथ जाने वाली मनोहारी झांकियों का अवलोकन कराया. सभी अतिथियों ने सिद्ध विजय गणेश मंदिर में विधायक गोलू शुक्ला के साथ पूजा-अर्चना कर मंदिर के पास पौधरोपण भी किया। अतिथियों के मरीमाता चौराहा पहुंचते ही यात्रा के लिए जा रहे करीब 5 हजार श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बनता था. बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए अपनी खुशियां व्यक्त करने लगे. इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 3 के पार्षदगण, मृदुल अग्रवाल, सुंदरलाल चौधरी, दिनेश पांडे, संजना पिंपले एवं मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इन श्रद्धालुओं को विदाई देने के लिए उपस्थित थे.सभी श्रद्धालु बसों एवं निजी वाहनों से महेश्वर रवाना हुए. यात्रा प्रभारी दीपेन्द्रसिंह सोलंकी ने बताया कि 14 जुलाई को सुबह 7 बजे महेश्वर में मां नर्मदा का 101 लीटर दूध से अभिषेक और मां नर्मदा को 1100 मीटर लंबी चुनरी समर्पित करने तथा देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ 180 कि.मी. लंबी यह कावड़ यात्रा नर्मदा का जल लेकर महाकालेश्वर को समर्पित करने और उनसे समूचे देश और प्रदेश में सुखद वर्षा एवं शांति सदभाव की प्रार्थना करने के लिए प्रस्थित होगी.

# पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाले पर हुआ प्रकरण दर्ज

## हिन्द रक्षक संगठन ने थाने में दी थी शिकायत




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भाषा वाले वीडियो वायरल करने के मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने खजराना क्षेत्र निवासी रहमत पटेल पर कार्रवाई की है. यह कार्रवाई हिन्द रक्षक संगठन से जुड़े हिन्दूवादियों की शिकायत पर की गई, जिन्होंने कल थाने पहुंचकर पूरा मामला पुलिस के संज्ञान में लाया था.

हिन्दू संगठन के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को विवादित वीडियो दिखाया और बताया कि रहमत पटेल द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति अपमानजनक और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया गया है, जिससे समुदाय विशेष की भावनाएं आहत हुई हैं. शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने रहमत पटेल के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है. मामले में द्वारकापुरी थाना प्रभारी राहूल सिंह राजपूत का कहना है कि आरोपी के खिलाफ तकनीकी आधार पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही उसे हिरासत में लिया जा सकता है.

धर्म | नरसिंह वाटिका में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में 'संबंधों की डोर' विषय पर प्रेरक

# परिवार बचाने एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रखें : विश्वरत्न सागर

**इंदौर.** आज के दौर में हमारे परिवार टूट रहे हैं, रिश्ते दरक रहे हैं और संयुक्त परिवार की अवधारणा बिखर रही है. एक समय था, जब परिवार में सभी सदस्यों के बीच आपस में स्नेह, समन्वय और सम्मान के भाव होते थे, लेकिन अब हालात बदलते जा रहे हैं. अनेक रिश्ते और संबोधन जैसे बुआ, मासी, चाचा आदि लुप्त हो गए हैं. अनेक परिवारों में बच्चे तो सेट हैं, लेकिन माता-पिता अपसेट. पोते-पोती विदेशों से वीडियो कॉल पर दादू हाय और दादू बाय जैसे संबोधन कर रहे हैं. विडंबना है कि बच्चे खुशियों के आंसू और वृद्ध माता-पिता खून के आंसू पी रहे हैं. परिवार को बचाने की पहली शर्त है कि हम एक-दूसरे के प्रति स्नेह और सम्मान का भाव रखें.



एयरपोर्ट रोड, नरसिंह वाटिका पर अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के तत्वावधान में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में युवा हृदय सम्राट जैनाचार्य विश्वरत्न सागर ने रविवार को 'संबंधों की डोर' विषय पर रविवारीय व्याख्यानमाला के शुभारंभ सत्र में ऐसी अनेक बातें कहीं, जो खचाखच भरे सभागृह में बैठे साधकों के मन को छू गई. धर्मसभा को मुनि प्रवर उत्तमरत्न सागर ने भी संबोधित किया और कहा कि परिवार को बचाने के लिए तीन चीजें हमेशा याद रखें, ये हैं संपर्क, संघर्ष और संबंध. जब संबंध बिगड़े तब वहां संघर्ष चालू हो जाता है, लेकिन यदि परिवार में संपर्क ठीक रहे तो प्रेम, प्यार और समन्वय बना रहेगा तथा संबंधों को बिखरने की वजह नहीं मिलेगी। गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर ने भी परिवार को समाज और राष्ट्र की बुनियादी इकाई बताते हुए चातुर्मास के दौरान सिद्ध तप की आराधना का महत्व बताया.

प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से कैलाश नाहर एवं ललित सी जैन, हंसराज जैन एवं मनीष सुराना ने सभी समाजबंधुओं की अगवानी की. आज धर्मसभा में शहर के सभी प्रमुख जैन श्रीसंघों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद थे. समिति के पारस बोहरा पुण्यपाल सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, दीपक सुराना एवं शैलेन्द्र नाहर आदि ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं को संभाला. संचालन शेखर गेलड़ा ने किया. इस अवसर पर विभिन्न आयोजनों के लाभार्थी नवरत्न आदर्श परिवार, भजन गायक एवं अन्य अनुष्ठानों के लाभार्थी बंधुओं का विश्वरत्नसागर की निश्रा में बहुमान भी किया गया. अगले रविवार को नरसिंह वाटिका में 'महापुरुषों की महागाथा' विषय पर विश्वरत्न सागर सहित विभिन्न विद्वान वक्ताओं के व्याख्यान होंगे, जबकि नियमित सत्संग सभा में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से उत्तराध्ययन सूत्र पर आधारित प्रवचनों की श्रृंखला जारी रहेगी।